प्रीलिम्स फैक्ट्स: 23 अगस्त, 2018

कुलदीप नैयर

हाल ही में अनुभवी पत्रकार कुलदीप नैयर का 95 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।

- कुलदीप नैयर का जन्म सियालकोट (पकिस्तान) में हुआ था।
- वह ऐसे पहले पत्रकार थे, जिन्हें आपातकाल की घोषणा के बाद जेल में रखा गया था।
- वह भारत और पाकिस्तान के बीच शांतिपूर्ण संबंधों में गहरी दिलचस्पी रखते थे।
- अपनी आत्मकथा 'बियॉन्ड द लाइंस' में, उन्होंने पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक अब्दुल कादीर खान के साथ अपने साक्षात्कार के बारे में लिखा, जिससे पता चला कि पाकिस्तान के पास परमाणु उपकरण हैं, इससे पहले इस बात का केवल अनुमान लगाया जाता था।
- एक पत्रकार के रूप में, उन्होंने राज्य द्वारा मानवाधिकार उल्लंघन के बारे में विस्तार से लिखा।
- वह यूनाइटेड किंगडम में भारत के उच्चायुक्त भी रहे तथा राज्यसभा के सदस्य के रूप में भी मनोनीत किये गए थे।
- 1999 में उन्हें नॉर्थवेस्ट यूनिवर्सिटी ने अल्यूमिनी मेरिट अवॉर्ड से सम्मानित किया था।
- साल 2003 में कुलदीप नैयर को एस्टर अवॉर्ड फॉर प्रेस फ्रीडम और साल 2007 में शहीद नियोगी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।
- उन्होंने लगभग 15 किताबें लिखी जिनमें 'बियॉन्ड द लाइंस: एन ऑटोबायोग्राफी', 'इंडिया आफ्टर नेहरू', 'विदाउट फीयर: द लाइफ एंड ट्रायल ऑफ भगत सिंह', 'डिस्टेंट नेबर्स: अ टेल ऑफ द सबकॉन्टिनेंट', 'वॉल ऐट वाघा – इंडिया पाकिस्तान रिलेशंस', 'सप्रेशन ऑफ जजेस', 'द जजमेंट: इनसाइड स्टोरी ऑफ इमरजेंसी इन इंडिया', और 'इमरजेंसी रिटोल्ड' प्रमुख थीं।

कौसर (Kowsar) लड़ाकू विमान

- हाल ही में ईरान ने अपने पहले स्वदेशी लड़ाकू विमान 'कौसर' का अनावरण किया।
- चौथी पीढ़ी के इस लड़ाकू विमान का निर्माण केवल देश की रक्षा और शांति बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया है।
- यह लड़ाकू विमान अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम और बहुउद्देशीय रडार से लैस है।

राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन (NMM)

सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग द्वारा राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन (NMM) के तहत पांडुलिपियों को सर्वसुलभ बनाने के लिये एक एप विकसित किया जा रहा है जिसके माध्यम से देश भर से एकत्रित तीन लाख पांडुलिपियां ऑनलाइन उपलब्ध हो सकेंगी।

- इससे पहले Indira Gandhi National Centre for the Arts (IGNCA) ने भारत संस्कृति के विभिन्न पहलुओं जैसे संगीत, आयुर्वेद और मौखिक लोक परंपराओं पर ऑनलाइन ऑडियो और विडियो सामग्री उपलब्ध कराने की भी शुरुआत की थी।

मिशन के बारे में

- पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने एक महत्त्वाकांक्षी परियोजना के रूप में फरवरी 2003 में राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन की स्थापना की, जिसका विशिष्ट उद्देश्य भारत की पांडुलिपियों के ज्ञान तत्व का पता लगाना, प्रलेखन करना, संरक्षण करना और प्रसार करना था।
- अपने कार्यक्रम और अधिदेश में यह मिशन एक अनूठी परियोजना है तथा यह भारत की विशाल पांडुलिपि संपदा की खोज करने एवं इसे परिरक्षित करने में जुटा है।

- उल्लेखनीय है कि भारत में अनुमान के तौर पर पाँच मिलियन पांडुलिपियाँ हैं जो संभवतः विश्व का सबसे बड़ा संग्रह है।
- देश के सभी राज्यों में विशेष रूप से अभिचिह्नित पांडुलिपि संसाधन केंद्रों और पांडुलिपि संरक्षण केंद्रों के साथ कार्य करते हुए यह मिशन विश्वविद्यालयों और पुस्तकालयों से लेकर विभिन्न स्थानों जैसे- मंदिरों, मठों, मदरसों, विहारों और निजी संग्रहों में रखी पांडुलिपियों के आँकड़ों के संग्रहण का कार्य करता है।

निजी केमिस्ट को ऑक्सीटॉसिन की बिक्री की अनुमति

हाल ही में केंद्र सरकार ने निजी खुदरा रसायनविदों अर्थात प्राइवेट केमिस्टों को 1 सितंबर से ऑक्सीटॉसिन बेचने की अनुमति दे दी है।

- ध्यातव्य है कि 27 अप्रैल, 2018 को जारी एक अधिसूचना में कहा गया था कि 1 जुलाई से प्राइवेट केमिस्ट ऑक्सीटॉसिन की बिक्री नहीं कर सकेंगे। परंतु, ऑक्सीटॉसिन की आपूर्ति में आ रही कमी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने इस प्रतिबंध के कार्यान्वयन की तारीख को 1 सितंबर तक के लिये स्थगित कर दिया था।

ऑक्सीटॉसिन

- ऑक्सीटॉसिन एक हार्मोन है जो मस्तिष्क में अवस्थित पिट्यूटरी ग्रंथि से स्रावित होता है।
- मनुष्य के व्यवहार पर पड़ने वाले प्रभाव के कारण ऑक्सीटॉसिन को 'Love हार्मोन' व 'Joy हार्मोन' आदि नामों से भी जाना जाता है।
- गर्भवती महिलाओं में प्रसवोत्तर रक्तस्राव (postpartum haemorrhage -PPH) की रोकथाम और इलाज के लिये ऑक्सीटॉसिन दी जाती है, विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार यह दुनिया भर में मातृ मृत्यु दर का प्रमुख कारण होती है।
- डब्ल्यूएचओ के अनुसार, दुनिया भर में मातृ मृत्यु के लगभग 35 प्रतिशत के लिये यही PPH ज़िम्मेदार होता है।

एंटी निकोटीन उत्पादों पर GST

हाल ही में सरकार द्वारा एंटी निकोटीन उत्पादों पर 18% GST लगाने की घोषणा की गई है। उल्लेखनीय है कि जहाँ एक ओर सिगरेट पर 28 प्रतिशत का "सिन टैक्स" अधिरोपित किया जाता है, वहीं दूसरी ओर NRT पर 18 प्रतिशत के कर का भार डाला गया है।

- सभी NRT (Nicotine Replacement Therapy) उत्पादों में निकोटीन पैच, लोज़ेंजेस, और मौखिक स्ट्रिप्स के साथ-साथ निकोटीन गम सबसे लोकप्रिय है।
- GST के अनुपालन से पहले इन उत्पादों पर कुल 11.3 प्रतिशत का का भार था, जिसमें 6 प्रतिशत केंद्रीय उत्पाद शुल्क और 5.3 प्रतिशत वैट (Value-added Tax - VAT) भी शामिल था।
- इस संबंध में विशेषज्ञों का मानना है कि अगर GST को 5 प्रतिशत तक कम किया जाता है, तो इसकी कीमतों में 7 फीसदी तक की कमी होने की संभावना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-23-08-2018